an>

Title: Need to construct a road connecting Mundeshwari Dham in Kaimur district, Bihar to Maihar Devi Sthan in Madhya Pradesh to augment social, economic and cultural activities in the region.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) : बिहार राज्य के कैमूर जिला अंतर्गत मुण्डेश्वरी धाम से मैहर देवी स्थान (म.प्र.) तक सड़क मार्ग का निर्माण अति आवश्यक है। मेरे संसदीय क्षेतृ के मुण्डेश्वरी धाम तथा मध्य पृदेश के मैहर धाम देश का विख्यात तीर्थस्थल है जहां देशभर से शृद्धालुओं तथा पर्यटकों का आवागमन रहता है तथा सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक उन्नयन के लिए भी इस पथ का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। इससे बिहार, उत्तर पृदेश तथा मध्य पृदेश के बीच सम्पर्क पथ लोकोपयोगी होगा।

अतः सरकार से मेरा अनुरोध है कि मुण्डेश्वरी धाम से मैहर देवी स्थान तक सड़क का निर्माण जनहित में कराने हेतु कदम उठाए जाएं।